छत्तीसगढ़ में 699 नए मोबाइल टावर को मंज़ूरी

चर्चा में क्यों?

17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ के आकांक्षी ज़िलों के अछूते गाँवों में मोबाइल सेवाओं के लिये कुल 699 टावर लगाए जाने को मंज़ूरी दी।

प्रमुख बिंदु

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने छत्तीसगढ़ के साथ ही आंध्र प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा के आकांक्षी ज़िलों में भी मोबाइल सेवाओं के लिये मंज़ूरी दी है।
- छत्तीसगढ़ के आकांक्षी ज़िलों में 4G आधारित मोबाइल सेवाओं के लिये कुल 699 टावर लगाए जाएंगे, जो यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड **(USOF)** द्वारा वित्तपोषित हैं।
- परियोजना के तहत बस्तर ज़िले में 71, बीजापुर ज़िले में 176, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा ज़िले में 85, कोरबा ज़िले में 20, महासमुंद ज़िले में 7, नारायणपुर ज़िले में 171, राजनांदगाँव ज़िले में 57 और उत्तर बस्तर कांकेर ज़िले में 112 टावर लगाए जाएंगे।
- इस परियोजना में आत्मनिर्भरता के लिये उपयोगी डिजिटल कनेक्टिविटी को बढ़ाने, सीखने की सुविधा, सूचना और ज्ञान का प्रसार, कौशल उन्नयन एवं विकास, आपदा प्रबंधन, ई-गवर्नेंस पहल, उद्यमों और ई-कॉमर्स सुविधाओं की स्थापना, ज्ञान साझा करने और उपलब्धता के लिये शैक्षिक संस्थानों को पर्याप्त समर्थन का प्रावधान करने तथा नौकरी के अवसर और डिजिटल इंडिया के विज़न को पूरा करने की परिकल्पना की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/699-new-mobile-towers-approved-in-chhattisgarh